# नव भारत

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



5 भारत-रूस मित्रता के मजबूत वैश्विक संदेश



6 रे घिस्या, धरती धूजे कि डीजे बाजे...!




7 भारतीय ज्योतिषीय भाषा का आधार संस्कृत



8 कंगारू गेंदबाजों ने दिखाई जीत की किरण

## एक नजर में



### ग्वालियर में 25 को आएंगे गृहमंत्री अमित शाह

**ग्वालियर.** आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन ग्वालियर गौरव के रूप में मनाया जाएगा. कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह शामिल हो सकते हैं। गृहमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर निगम तैयारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। शनिवार को निगमायुक्त संघप्रिय ने गृहमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक ली, जिसमें शहर की सड़कों को ठीक करना, आवारा पशुओं को हटाना आदि कार्यों की जिम्मेदारी तय की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल की सज्जा आदि को लेकर विभिन्न तैयारियों की बैठक की गई।

### दक्षिण अफ्रीका में फिर गोलीबारी, 11 की मौत

**जोहान्सबर्ग.** दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के शहर ऐटरिजविल के सॉल्सविल हॉस्टल में एक हत्याकांड में तीन नाबालिगों सहित 11 लोगों की मौत हो गई. यह हमला शनिवार सुबह हॉस्टल के अंदर चल रहे एक गैर-कानूनी शराबखाने में हुआ. पुलिस के मुताबिक, 25 लोगों को गोली मारी गई.

# उत्तरी हवाओं से ठिठुरा एमपी

**19** शहर में तापमान 10 डिग्री से नीचे | **4.8** डिग्री उमरिया में सबसे कम दर्ज किया गया | **08** राज्यों में शीतलहर का अलर्ट जारी

**भोपाल, 06 दिसंबर. प्रदेश में सर्दी ने एक बार फिर अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते प्रदेशभर में रात का तापमान तेजी से गिरा है. शुक्रवार-शनिवार की रात तक प्रदेश के 19 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया. वहीं उमरिया में सबसे कम 4.8 डिग्री दर्ज किया गया.**

भोपाल में भी इस सीजन की सबसे कड़ाके की ठंड महसूस की गई, जहां रात ने नागरिकों को बेबस कर देने वाली ठिठुरन दी. राजधानी के अलावा ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में ठंड का सबसे ज्यादा प्रभाव दिखा.

**पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय:** मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किमी ऊंचाई पर उत्तर में ट्रफ के रूप में सक्रिय है. इसी प्रणाली के चलते उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी का सीधा असर मध्यप्रदेश पर दिखाई दे रहा है.

शीतलहर के कारण उत्तर भारत में ठंड का कहर बढ़ने वाला है. मौसम विभाग ने 8 राज्यों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग का कहना है कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली समेत उत्तर पश्चिमी झारखंड और उत्तरी ओडिशा में कुछ जगहों पर शीतलहर चलने की संभावना है. उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है. शीतलहर के कारण राजस्थान के कई इलाकों में गलन महसूस हो रही है. कुछ जगहों पर तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से भी कम दर्ज किया गया है. उत्तर प्रदेश के कानपुर, आगरा, मुजफ्फरनगर, बरेली, गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) और बाराबंकी में शीतलहर के साथ तापमान में तेज गिरावट की संभावना है. बिहार में भी पटना समेत आसपास के इलाकों में तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है.



### कहां-कितना रहा तापमान

एमपी में पहली बार पारा 5 डिग्री से नीचे आ गया. उमरिया में सबसे कम 4.8 डिग्री दर्ज किया गया. राजगढ़ में 5 डिग्री, रीवा में 5.4 डिग्री, छतरपुर के नौगांव में 5.7 डिग्री और खजुराहो में 6.4 डिग्री, रायसेन में 7.4 डिग्री, दमोह-सतना में 7.5 डिग्री, मंडला में 8 डिग्री, मलाजखंड में 8.1 डिग्री, दतिया में 8.3 डिग्री, गुना में 8.4 डिग्री, बैतूल में 8.5 डिग्री, सीधी में 8.6 डिग्री, छिंदवाड़ा में 8.8 डिग्री, धार में 9.1 डिग्री, श्योपुर, सिवनी-नरसिंहपुर में 9.4 डिग्री, सागर में 9.9 डिग्री रहा.

### आज से और ठंड बढ़ने के आसार

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी व वर्षा की स्थिति बन रही है. इन्हीं इलाकों से गुजरकर मध्यप्रदेश तक पहुंच रही बर्फीली हवाएं तापमान को और नीचे ला रही हैं. कई जिलों में सुबह-शाम घना कोहरा भी देखा गया. मौसम विभाग ने 7 और 8 दिसंबर को ठंड और तेज होने की चेतावनी दी है.

# ठगों ने किसान के खाते से निकाले दस लाख रुपए

- ठगों ने तीन बार में निकाले रुपए
- बेटी की शादी के लिए बैंक में जमा किए थे पैसे

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 06 दिसंबर. एक किसान के बैंक खाते से ठगों ने 10 लाख रुपए निकाल लिए. यह राशि उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए जमा की थी. अजीब बात ये है कि किसान को न तो कोई कॉल आया, न मैसेज आया और न ही उनका मोबाइल फोन बंद हुआ, फिर भी पैसे निकल गए. ठगी के इस नए पैंतरे से पुलिस भी हैरान है.**

ठगी का पता तब चला जब किसान के बेटे के मोबाइल पर बैंक खाते से पैसे निकाले जाने का मैसेज आया. मैसेज देखने के बाद जब किसान के बेटे ने पिता का बैंक अकाउंट चेक किया तो उसमें कोई राशि नहीं बची थी. इसके बाद उन्होंने तुरंत बैंक पहुंचकर जानकारी ली, जहां उन्हें पता चला कि वे धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं. ठगों ने किसान के खाते से तीन बार में 10 लाख रुपए की रकम अन्य खातों में ट्रांसफर की.

साइबर ठगों ने पहली बार में 5 लाख, दूसरी बार में 3 लाख और तीसरी बार में 2 लाख रुपए निकाले. किसान और उनके बेटे ने क्राइम ब्रांच साइबर सेल पुलिस को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई. साइबर सेल पुलिस ने किसान के आवेदन पर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### इनका कहना है

मेरी बेटी की शादी अप्रैल महीने में है. खेत का कुछ हिस्सा बेचकर 10 लाख रुपए खाते में जमा किए थे. अब यह राशि चोरी हो जाने से बेटी की शादी मुश्किल में पड़ गई है.

**राजेंद्र पाल**, पीड़ित किसान

### बैंक मैनेजर ने किसान से कहा- नहीं निकले रुपए

मुरार स्थित बड़ागांव निवासी राजेंद्र सिंह पाल पेशे से किसान हैं. बड़ागांव में ही एचडीएफसी बैंक में उनका खाता है. खाते में बेटे रामबरन का मोबाइल नंबर दर्ज है. रामबरन के मोबाइल पर पिता के खाते से 10 लाख रुपए कटने का मैसेज आया. मैसेज आने के बाद रामबरन पिता के साथ बैंक शाखा पहुंचा. बैंक मैनेजर ने बताया कि बैंक से कोई पैसे नहीं निकले हैं और न ही ट्रांसफर किए गए हैं. जबकि उनके खाते से ऑनलाइन माध्यम से तीन बार में यह रकम किसी अन्य खाते में ट्रांसफर की गई. इसके बाद रामबरन अपने पिता राजेंद्र के साथ क्राइम ब्रांच और साइबर सेल के ऑफिस पहुंचा और लिखित आवेदन देकर शिकायत की.

